प्रेस नोट

सरहानीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक 25.10.2024

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली एक और सफलता,**
- **थाना बरौर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 नफर अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल के साथ किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 24.11.2024 को वादी श्री कन्हैयालाल पुत्र हरीराम निवासी ग्रा व पो0 दहगांव थाना दिबियापुर जनपद औरैया द्वारा अपनी सास की उनके पडोसी द्वारा हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी, जिसके आधार पर थाना बरौर पर मु0अ0सं0 67/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम 01 नफर नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में आज दिनांक 25.11.2024 को थाना बरौर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर समय करीब दोपहर 01.00 बजे नामजद अभियुक्त **विजय बहादुर उर्फ तिलकधारी पुत्र हुब्बलाल उम्र करीब 54 वर्ष निवासी वरवां रसूलपुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात** को छेदी लाल की बगिया के अन्दर पराली के पास वृहद ग्राम बरवारसूलपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद डंडा (आलाकत्ल) बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब मैं अपनी ताई श्रीमती भूरी देवी का राशन लेने जाता था एवं उनकी देखरेख करता था लेकिन भूरी देवी मुझे राशन नहीं देती थी एवं उसने अपनी जमीन की वसीयत भी अपनी पुत्री के नाम कर दी थी, मैने कई बार भूरी से जमीन मेरे नाम करने को कहा लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी इसी कारण तहस में आकर दिनांक 23.11.2024 की रात्रि में मैने ताई भूरी देवी की डण्डा मारकर हत्या कर दी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

1. विजय बहादुर उर्फ तिलकधारी पुत्र हुब्बलाल उम्र करीब 54 वर्ष निवासी वरवां रसूलपुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0सं0 67/2024 धारा 103(1) बी0एन0एस0 2023 थाना बरौर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

1. आला कत्ल एक अदद डण्डा

गिरफ्तार करने वाली थाना बरौर पुलिस टीम-

2. थानाध्यक्ष श्री कालीचरन कुशवाहा,
3. का0 819 महेन्द्र कुमार नेटवाल,
4. हे0का0 465 योगेन्द्र सिंह,